Bundesamt für Fremdenwesen und Asyl

# शरणार्थियों के लिए 11.12.2000 से परिषद के **अनुच्छेद 18 (1) यूरोडैक-वीओ कन्वेंशन (ईसी) 2725/2000 के अनुरूप**

आपने आस्ट्रिया में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए एक आवेदन किया है। इसलिए, आस्ट्रिया (यूरोपीय संघ) में मान्य कानूनी मानकों के अनुरूप अब आप के उंगलियों के निशान लिए जाएंगे।

यह संघीय कार्यालय के किसी प्राधिकृत एजेंट या लोक सुरक्षा सेवाओं के किसी प्राधिकृत एजेंट के द्वारा किया जाएगा।

अभी प्रभावी कानूनी आवश्यकता के अनुरूप आपकी उंगलियों के निशानों के डेटा की तुलना ''यूरोडैक' प्रणाली के परिप्रेक्ष्य में उंगलियों के डेटा से की जाएगी जिसे यूरोपीय संघ के दूसरे सदस्य देशों ने और साथ ही साथ नारवे और आइसलैंड ने, स्विट्जरलैंड और लीखेन्सतीन ने एक केन्द्रीय डेटा बेस में भेजा है। इसका उद्देश्य तेजी से यह स्थापित करना है कि अगर आप पहले ही किसी अन्य डबलिन नियामक देश में रह चुके हैं तो कौन सा सदस्य देश आपसे संबंध रखने वाले शरण मामले के लिए जवाबदेह है।

आपका डेटा आस्ट्रिया में कानूनी तौर पर प्राधिकृत शरण एवं सुरक्षा प्राधिकारियों और ''यूरोडैक'' प्रणाली के केन्द्रीय डेटा बैंक प्राप्त करेंगे। अगर आवश्यक हुआ तो आपके डेटा सदस्य देश/सदस्य देशों द्वारा प्राप्त किए जाएंगे जहां आप पहले ही समय गुजार चुके हैं।

अगर आपने आस्ट्रिया में कोई शरण आवेदन डाला है (और अगर आपकी उम्र 14 साल से ज्यादा है) तो यूरोपीय संघ के कानून के अनुसार आस्ट्रिया उपरोक्त उद्देश्य से आपकी उंगलियों के निशान लेने के लिए वचनबद्ध है।

आपके पास ''यूरोडैक'' – प्रणाली में आपसे संबंधित उंगलियों के निशान की मात्रा और उत्पत्ति के बारे में जानकारी पाने का अधिकार है।

आप इसके साथ ही यह मांग कर सकते हैं कि तथ्यात्मक रूप से गलत डेटा दुरूस्त किए जाएं या अवैध रूप से भंडारित डेटा हटाए जाएं।

अतिरिक्त जानकारी के लिए कृपया उचित समय में संघीय कार्यालय के कर्मियों या आपका मामला निबटा रहे सुरक्षा अधिकारियों से संपर्क करें। किसी शरणार्थी के रूप में संघीय आंतरिक मामले के मंत्रालय के कानूनी सलाहकार संघीय कार्यालय की संबंधित क्षेत्रीय शाखा में और साथ ही संघीय आंतरिक मामले के मंत्रालय के कानूनी सलाहकार संबंधित प्रथम स्वागत केन्द्र में आपके लिए उपलबध हैं।